For immediate release

प्रेस विज्ञप्ति

एफएसएसएआई का एयरलाइन कैटरर्स निर्देश, खाद्य सुरक्षा नियमों का करें पालन

नई दिल्ली, 17 जनवरी, 2024: भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने एयरलाइन कैटरिंग उद्योग के भीतर मौजूदा खाद्य सुरक्षा प्रोटोकॉल का मूल्यांकन करने और उसे बेहतर बनाने के उद्देश्य से मंगलवार, 16 जनवरी, 2024 को प्रमुख फ्लाइट कैटरर्स और एयरलाइंस के साथ एक बैठक बुलाई। इसका उद्देश्य सुधार की आवश्यकता वाले क्षेत्रों की पहचान करना और यात्रियों को उड़ान के दैरान सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता वाले भोजन प्रदान करने की प्रतिबद्धता को मजबूत करना था।

इनफ्लाइट फूड के संबंध में यात्रियों के लिए आसानी से उपलब्ध जानकारी की कमी के बारे में एक सामान्य चिंता को स्वीकार करते हुए, सीईओ, एफएसएसएआई ने सभी फ्लाइट कैटरर्स और एयरलाइंस को खाद्य सुरक्षा और मानक (लेबलिंग और डिस्प्ले) विनियम, 2020 के उप-विनियमन 5 (10) (एफ) और 8 (4) का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया। इस निर्देश का उद्देश्य यात्रियों को उड़ानों के दौरान परोसे जाने वाले भोजन की प्रकृति, उत्पत्ति और विनिर्माण-संबंधित विवरण के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करके पारदर्शिता में सुधार करना है। इसके अलावा, उन्होंने यात्रियों को परोसे जाने वाले भोजन की सामग्री के बारे में सूचित करने के लिए एक प्राभावी माध्यम के रूप में मेनू लेबलिंग के महत्व पर प्रकाश डाला, जिससे वे सूचित विकल्प चुन सकें।

बैठक में उपभोक्ता शिकायतों के त्वरित और प्रभावी निपटान के महत्व पर जोर दिया गया और एयरलाइन कैटरर्स से खाद्य सुरक्षा संबंधी घटनाओं को कम करने के लिए सुधारात्मक और निवारक कार्रवाइयों सहित त्वरित समाधान के लिए मजबूत तंत्र स्थापित करने का आग्रह किया गया। यात्रियों की सुरक्षा और संतुष्टि सुनिश्चित करने में उद्योग की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया।

चर्चा के दौरान, खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता की व्यापक समझ सुनिश्चित करने के लिए खानपान कर्मचारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

यह कदम एयरलाइन कैटरिंग उद्योग के भीतर खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने की एफएसएसएआई की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।